


# आओ घटाना सीखें



यश के पास ३ जामुन थे। उसने २ जामुन रमा को दिए।
अब उसके पास कितने जामुन बचे ?




३ – २ = १



अब इस चित्र को देखा क्या ?
नदी के तट पर पाँच मेढक बैठे थे। एक मेढक अचानक पानी में कुद पड़ा अब तटपर कितने मेढक बचे उसे गिनों।

| | |
|---|---|
| | ५ |
| – | १ |
| | |

५ – १ = ____





यह अपने दोस्त और सखियों द्वारा बनाए गए चित्र हैं उनकी कहानी तुम बताओ ।
तुम भी ऐसा चित्र बनाकर अपने मित्रों-सखियों से कहानी बनाने को कहोगे क्या ?




एक संख्या से दूसरी संख्या कम करने के लिए अर्थात्
घटाने के लिए '–' इस चिन्ह का उपयोग करते हैं
इसे 'ऋण' पढ़ते हैं ।




चित्र देखो और चौखट पूरा करो ।



३ – १ = ☐



४ – २ = ☐



५ – २ = ☐



☐ – ☐ = ☐

8SYI16

# बरफी की कहानी

माँ ने डिब्बे में ६ बरफियाँ रखीं। माँ सब्जी लेने बाजार गयी। रमा विद्यालय से घर आयी। उसने डिब्बा खोलकर देखा। डिब्बें में उसे ६ बरफियाँ दिखीं। रमा के मुँह में पानी आ गया। उसने उसमें से २ बरफियाँ खा ली। घर लौटने पर माँ ने डिब्बा खोला, तो उसमें चार ही बरफियाँ थी।

माँ : रमा, तुमने २ बरफियाँ खायी ?

रमा : माँ, मैंने १ बरफी खायी।

माँ : रमा, तुम सही बोल रही हो न ?

रमा : माँ, मुझे बरफी खूब अच्छी लगी इसलिए मैंने एक बरफी और खा ली।

माँ : शाबास ! रमा तुमने सही बताया। यह लो एक और बरफी। यह एक बरफी पिताजी को दे दो। एक बरफी दादीजी को दे दो और एक मै खाती हूँ।

क्या कहानी पसंद आयी ? अब बताओ,

१) माँ ने डिब्बे में कितनी बरफी रखी थी ? ☐

२) रमा ने कितनी बरफी खायी ? ☐

३) माँ ने रमा के सच बोलने पर कितनी बरफी दी ? ☐

४) रमा ने दादीजी एवं पिताजी को मिलाकर कितनी बरफी दी ? ☐

५) माँ ने खुद कितनी बरफी ली ? ☐

६) अंत में डिब्बे में कितने बरफी बची ? ☐

खाली जगह में उचित संख्या लिखो।

५ - ३ = ☐

२ - १ = ☐

| | |
|---|---|
| ८ | ९ |
| - २ | - ५ |
| ☐ | ☐ |

६ - ☐ = १

७ - ३ = ☐

९ - ☐ = ९

☐ - ☐ = ८



## पढ़ो और हल करो।

- नगमा के पास ५ बेर थे। उसने ३ बेर सलमा को दिया। अब नगमा के पास कितने बेर शेष बचे ?

| | |
|---|---|
| ५ | नगमा के पास बेर |
| − ३ | सलमा को दिए बेर |
| ☐ | नगमा के पास बचे बेर |

- टोकरी में ९ सीताफल थे। दादाजी ने उसमें से ६ सीताफल मित्रों को खाने के लिए बाँट दिया, तो टोकरी में कितने सीताफल शेष बचे?

| | |
|---|---|
| ९ | टोकरी में सीताफल |
| − ☐ | बाँटे गये सीताफल |
| | शेष सीताफल |


- समीरा के पास ३ पेन्सिल थी। समीरा ने १ पेन्सिल सहेली को दिया तो समीरा के पास कितनी पेन्सिल बची?

| | |
|---|---|
| ☐ | समीरा के पास पेन्सिल |
| ☐ | सहेली को दिये पेन्सिल |
| ☐ | बची पेन्सिल |

- डिब्बे में ४ लड्डू थे। उनमें से १ लड्डू बलबीर ने खा लिया तो अब डिब्बे में कितने लड्डू बचे ?

| | |
|---|---|
| ☐ | डिब्बे में रखे लड्डू |
| ☐ | बलबीर ने खाए लड्डू |
| ☐ | डिब्बे में शेष लड्डू |

अपने मित्रों के हाथ में स्थित संख्याऐं घटाओ ।




8T8E2T